# उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0,

## ई–निविदा आमंत्रण सूचना

**ई–निविदा सं0 25/वि0पा0मं0(ब0)/2023–24** जो विद्युत पारेषण मण्डल, बस्ती के अधीन विभिन्न 400/220/132 के0वी0 लाईनों के 24 माह तक विस्तृत निवारक एवं ब्रेक–डाऊन अनुरक्षण कार्य कराने के सम्बन्ध में। **ई–निविदा सं0 26/वि0पा0मं0(ब0)/2023–24** जो विद्युत पारेषण मण्डल, बस्ती के अधीन 400 के0वी0 एवं 220/132 के0वी0 के विभिन्न विद्युत उपकेन्द्रों के 24 माह तक के लिये परिचालन एवं अनुरक्षण संबंधित कार्य कराने के सम्बन्ध में। उपरोक्त ई–निविदाओं के भरने की अन्तिम तिथि **27.02.2024** समय **15:00** बजे तक एवं ई–निविदाओं के खुलने की तिथि **28.02.2024** समय **15:00** बजे के उपरान्त। उपरोक्त ई–निविदाओं से सम्बन्धित ई–निविदा प्रपत्र शुल्क एवं धरोहर धनराशि ई–निविदा के वेब साईट पर डाला जायेगा। ई–निविदा प्रपत्र शुल्क एवं धरोहर धनराशि आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से UPSEB Electricity Trans. Division Basti **खाता सं0 0587002100008030 पंजाब नेशनल बैंक, गांधी नगर, बस्ती** के खाते में पृथक–पृथक जमा करना अनिवार्य होगा। यदि किसी कारण वश ई–निविदा के खुलने की तिथि को अवकाश होता है तो ई–निविदा अगले कार्य दिवस को नियत समय पर खोली जायेगी। ई–निविदा को **http://etender.up.nic.in** पर अपलोड किया जायेगा। ई–निविदायें अनुभवी, दक्ष एवं जी0एस0टी0 में पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा भरा गया ही मान्य होगा। उपरोक्त ई–निविदाओं को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत पारेषण मण्डल, बस्ती के पास सुरक्षित होगा।

"स्वयं एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें"

अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत पारेषण मण्डल, बस्ती।

अधीक्षण अभियन्ता दिनांकः– 08/02/2024

विद्युत पारेषण मंण्डल

बस्ती

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत पारेषण मण्डल
उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0
220 के0वी0 उपकेन्द्र, गिदही–बस्ती
ई-मेल :- seetcbasti@upptcl.org
Mobile No.: 8887137946

U P P T C L

OFFICE OF THE
SUPERINTENDING ENGINEER
ELECTRICITY TRANSMISSION CIRCLE
U.P. POWER TRANSMISSION CORP. LTD.
220KV SUB-STATION, GIDAHI- BASTI
E-mail :- seetcbasti@upptcl.org

पत्रांक: 233 /वि0पा0मं0(ब0)/ई–निविदा सं0 25, 26/2023–24 दिनॉक: 08 –02–2024

विषय– ई–निविदा सं0 25,26/2023–24 के विज्ञापन प्रकाशन के सम्बन्ध में।

प्रबन्धक ( विज्ञापन )
अमर उजाला
गोरखपुर।

प्रबन्धक ( विज्ञापन )
दैनिक जागरण
गोरखपुर।

E-Mail ID - JagranCorp@jagran.com
" - amarujala18@gmail.com

महोदय,

कृपया संलग्न विज्ञापन अपने प्रतिष्ठित दैनिक/साप्ताहिक समाचार पत्र में कम से कम स्थान पर हिन्दी भाषा के समाचार पत्रों के लिए 08–10 प्वाइण्ट टाइप तथा अंग्रेजी भाषा के समाचार–पत्रों के लिए 06–08 प्वाइण्ट टाइप में (समाचार पत्र के केवल एक कॉलम में) प्रकाशित करने की व्यवस्था करें। हेडिंग व नीचे का नाम व पता एक ही लाइन में रनिंग मैटर के रुप में कम से कम स्थान में प्रकाशित करें।

1. निविदा सूचनाओं का प्रकाशन निविदा हेतु निर्धारित पृष्ठ पर करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।
2. प्रकाशन के बाद विज्ञापन आदेश की प्रथम मूल प्रति प्रकाशन हेतु प्रेषित सामग्री की मूलप्रति के साथ,विज्ञापन शुल्क का बीजक तीन प्रतियों में, अग्रिम भुगतान प्राप्ति रसीदी टिकट सहित प्रकाशित विज्ञापन की दो सम्पूर्ण बाउचर प्रतियों को संलग्न कर भुगतान हेतु अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत पारेषण मण्डल, उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0, बस्ती को प्रेषित करें। विज्ञापन आदेश की प्रथम प्रति के स्थान पर फोटो प्रति प्रेषित करने पर सत्यापन/भुगतान सम्भव न होगा।
3. संलंग्न हिन्दी/अंग्रेजी भाषा की विज्ञापन सामग्री का प्रकाशन हिन्दी/अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्रों में केवल दी गई विज्ञापन सामग्री के अनुरूप ही किया जाय। हिन्दी समाचार पत्र के लिए संलग्न अंग्रेजी भाषा की सामग्री तथा अंग्रेजी समाचार पत्र के लिए संलग्न हिन्दी भाषा की सामग्री का अनुवाद हिन्दी/अंग्रेजी भाषा में करने के उपरान्त ही विज्ञापन प्रकाशित किया जाय जिसके लिये समाचार पत्र को कोई अतिरिक्त शुल्क देय नही होगा।
4. विज्ञापन प्रकाशित होते ही विलम्बतः एक सप्ताह के अन्दर प्रकाशित विज्ञापन की एक कटिंग अधोहस्ताक्षरी को सूचनार्थ अवश्य भेज दी जाय अन्यथा सम्बन्धित बीजक का सत्यापन/भुगतान नही किया जायेगा।
5. यदि आपको सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश तथा विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय, भारत सरकार द्वारा विज्ञापन दरें स्वीकृत न हो तो कृपया विज्ञापन का प्रकाशन न करें तथा अधोहस्ताक्षरी को अविलम्ब इस आशय की सूचना देने का कष्ट करें।
6. उक्त निर्देशों के विपरीत तथा गलत अथवा भद्दे ढंग से प्रकाशित किये गये विज्ञापनों में निगम द्वारा नियमानुसार आवश्यक कटौती की जा सकती है अथवा सम्पूर्ण बीजक का भुगतान रोका/निरस्त किया जा सकता है।

संलग्नकः– 1–विज्ञापन आदेश प्रथम एवं द्वितीय प्रति।

भवदीय,

(आर0 के0 बंशी)
अधीक्षण अभियन्ता

पत्रॉक: 233 /वि0पा0मं0(ब0)/ई–निविदा सं0 25, 26/2023–24 दिनॉक: 08 –02–2024

प्रतिलिपि उपरोक्त संलग्नक सहित निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अनुसचिव, जनसम्पर्क, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता, पारेषण क्षेत्र (उ0पू0), उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0, पारेषण भवन, गोरखपुर।
3. अधिशाषी अभियन्ता, विद्युत प्रेषण खण्ड–प्रथम/द्वितीय, बस्ती।

(आर0 के0 बंशी)
अधीक्षण अभियन्ता

Mailed at
11:30 AM